हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 148 देहरादून, सोमवार, 04 दिसंबर, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



मुख्यमंत्री ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजन स्थल का निरीक्षण किया 3

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में तीन राज्यों में बीजेपी की प्रचंड जीत का जश्न

## तीनों राज्यों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ, मोदी मैजिक है, बरकरार





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 4 दिसंबर , भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के साथ छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत की खुशी में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट सहित भाजपा के पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर प्रचंड जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियां और मातृ शक्ति के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं का ही परिणाम है। उन्होंने कहा भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में तीनो राज्यों में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है।

मंत्री गणेश जोशी ने कहा मध्यप्रदेश में भाजपा ने सत्ता में वापसी की है। उन्होंने कहा जब जब विपक्षी नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए अपशब्द प्रयोग किया है। तब - तब जनता ने विपक्षी नेताओं को जवाब दिया हैं। उन्होंने कहा जो यह कह रहे थे कि मोदी मैजिक खत्म हो गया है, उन्होंने कहा मोदी मैजिक बरकरार है। मंत्री ने यह भी कहा कि जो यह कह रहे थे कि यह विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल है, मंत्री ने कहा एक तरफा भारतीय जनता पार्टी ने यह चुनाव जीता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह इन विधानसभा चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल की वह इस बात का संकेत है कि 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। मंत्री गणेश जोशी ने शीर्ष नेतृत्व को बधाई और तीनों प्रदेश की जनता का आभार प्रकट किया है।

इस अवसर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, विधायक सविता कपूर सहित कई पार्टी के वरिष्ठ नेता पार्टी कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

# एमपी में स्टार प्रचारक सतपाल महाराज का खूब चला जादू, मिली बम्पर जीत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 4 दिसंबर , छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश विधानसभा चुनावों में भाजपा के स्टार प्रचारक रहे वरिष्ठ भाजपा नेता और उत्तराखंड के केबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रचंड जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने ₹मोदी की गारंटी₹ को इस जीत का एक बड़ा आधार बताया है।

प्रदेश के केबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि मध्यप्रदेश के सिरमौर, प्रसवाडा, धरमपुरी, घोडाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र और छत्तीसगढ के प्रतापपुर, भटगांव, भरतपुर सोनहट, कुनकुरी, बिल्हा, अभनपुर, साजा, लोरमी और डौण्डीलोहार विधानसभा क्षेत्र में जब वह बतौर भाजपा के स्टार प्रचारक शिरकत कर रहे थे तो उस दौरान जनसभाओं में जो जन सैलाव उमड़ा उसे देखकर पूर्व में ही यह तय हो गया था कि भारतीय जनता पार्टी प्रचंड जीत के साथ सत्ता में आयेगी। महाराज ने कहा कि मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा को जो प्रचंड जनादेश मिला है और तेलंगाना में पहले से अधिक सीटें देकर जनता ने पार्टी पर जो विश्वास जताया है उसके पीछे कांग्रेस सरकारों का भ्रष्टाचार, इण्डिया गठबंधन में शामिल दलों द्वारा सनातन धर्म का अपमान एक बड़ा कारण रहा है।



**भाजपा की जीत का आधार बनी मोदी की गारंटी : महाराज**

उन्होंने कहा कि तीनों राज्यों में घमंडिया गठबंधन की करारी इस बात का प्रमाण है कि 2024 की चुनावी दौड़ से अब वह पूरी तरह बाहर हो चुका है। मोदी मैजिक और केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ ₹सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास₹ जैसे ध्येय वाक्य पर चलकर भाजपा ने देश की जनता के दिलों में अपनी एक अलग जगह बना ली है। इसलिए इसमें दोराय नहीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में फिर से 2024 में पहले से भी अधिक सीटों से केंद्र में भाजपा की सरकार सत्तारूढ़ होगी।

# 5 से 12 दिसंबर तक रद्द रहेंगी ऋषिकेश से चलने वाली ये ट्रेनें

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 04 दिसंबर : मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर प्री नान इंटरलॉकिंग व इंटर लाकिंग कार्य के लिए ट्रैफिक ब्लॉक के चलते हरिद्वार-ऋषिकेश के बीच चलने वाली हरिद्वार-ऋषिकेश एक्सप्रेस स्पेशल (अनारक्षित) पांच से 12 दिसंबर तक रद्द रहेंगी। जबकि कुछ ट्रेनों को हरिद्वार व कुछ को योग नगरी ऋषिकेश स्टेशन से चलाया जाएगा। यात्रियों को परेशानी उढ़ानी पड़ सकती है। मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर प्री नान इंटरलॉकिंग व इंटर लाकिंग कार्य के लिए ट्रैफिक ब्लॉक के चलते हरिद्वार-ऋषिकेश के बीच चलने वाली हरिद्वार-ऋषिकेश एक्सप्रेस स्पेशल (अनारक्षित) पांच से 12 दिसंबर तक रद्द रहेंगी। जबकि कुछ ट्रेनों को हरिद्वार व कुछ को योग नगरी ऋषिकेश स्टेशन से चलाया जाएगा।

मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह ने बताया कि ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर पांच से 12 दिसंबर तक प्री इंटर लाकिंग व इंटर लाकिंग के लिए ट्रैफिक ब्लॉक किया गया है। जिसके तहत गाड़ी संख्या 04361-62 हरिद्वार-ऋषिकेश एक्सप्रेस स्पेशल और 04363-64 हरिद्वार-ऋषिकेश एक्सप्रेस स्पेशल पांच से 12 दिसंबर तक रद्द रहेंगी।जबकि 04360-59 ऋषिकेश-चंदौसी एक्सप्रेस ऋषिकेश की



जगह हरिद्वार तक चलेगी।ये ट्रेनें हुई लेटइसके अलावा ऋषिकेश-श्री गंगानगर, ऋषिकेश-श्री माता वैष्णो देवी कटरा व ऋषिकेश-बाड़मेर एक्सप्रेस का संचालन योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन से किया जाएगा। बताया कि 12 दिसंबर को चंदौसी ऋषिकेश एक्सप्रेस को दो घंटे की देरी और ऋषिकेश-हरिद्वार एक्सप्रेस स्पेशल को 30 मिनट की देरी से संचालित किया जाएगा।इंटरलॉकिंग के चलते हो रही है समस्यालखनऊ मंडल के पटरंगा, रौजगांव व रुदौली रेलखंड पर इंटरलॉकिंग कार्य के चलते योग नगरी ऋषिकेश-हावड़ा एक्सप्रेस तीन से नौ दिसंबर तक परिवर्तित मार्ग लखनऊ-मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-लखनऊ मार्ग से संचालित होगी।

# हवा में जयमाला, राफ्टिंग में विदाई का लीजिये मज़ा





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 4 दिसंबर , देवउठनी एकादशी और विवाह की घंटियाँ बजने के बाद शुभ कार्य शुरू हो जाते हैं। समय के साथ-साथ शादी में भी बदलाव आने लगा है। जहां पहले लोग घर पर या मंदिर में शादी करते थे, वहीं अब लोग डेस्टिनेशन वेडिंग भी प्लान करने लगे हैं। जब डेस्टिनेशन वेडिंग की बात आती है तो दिमाग में सिर्फ गोवा और जयपुर ही आते हैं।लेकिन आपको बता दें कि गोवा और जयपुर के अलावा अब लोग उत्तराखंड के ऋषिकेश में गंगा किनारे जाना भी पसंद कर रहे हैं। अगर आप डेस्टिनेशन वेडिंग प्लान कर रहे हैं तो ऋषिकेश भी कुछ कम नहीं है। यहां स्थित डिवाइन रिजॉर्ट में आप अपनी डेस्टिनेशन वेडिंग प्लान कर सकते हैं और इसे हमेशा के लिए यादगार बना सकते हैं।

**हवा में जयमाला, राफ्टिंग को विदाई**

डिवाइन रिज़ॉर्ट एक बहुत बड़ा रिसॉर्ट है जो तपोवन, ऋषिकेष में लक्ष्मण झूला के पास स्थित है और प्राकृतिक सुंदरता से घिरा हुआ है। मीडिया से बात करते हुए असिस्टेंट जनरल मैनेजर ने बताया कि डिवाइन रिजॉर्ट आवास के अलावा डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए भी मशहूर हो रहा है. जहां मंच पर सभी ने जयमाला और डॉली को विदाई दी। लोग ऋषिकेश पहुंचकर स्काई मैक्स लाउंज में फूलमालाएं पहनाकर, गंगा के किनारे घूमकर और रिवर राफ्टिंग कर विदाई का आनंद ले रहे हैं। ऐसी डेस्टिनेशन वेडिंग के बारे में आपने शायद ही सुना होगा।

**बुकिंग 6 महीने पहले होगी**

उन्होंने यह भी बताया कि डिवाइन रिजॉर्ट की खूबसूरती और प्राइम लोकेशन के कारण यहां शादियों की बुकिंग एक साल पहले से ही आनी शुरू हो जाती है। अगर आप यहां शादी करने की योजना बना रहे हैं या सोच रहे हैं तो आपको करीब 6 महीने पहले ही बुकिंग करा लेनी चाहिए। साथ ही डिवाइन रिजॉर्ट काफी बड़ा है, जिसकी वजह से आप अपने सभी फंक्शन अलग-अलग जगहों पर प्लान कर सकते हैं।

**विवाह स्थान के लिए विशेष**

विवाह स्थल के अलावा, रिज़ॉर्ट में 60 से अधिक कमरे हैं इसलिए आपको अपने मेहमानों के लिए आवास के बारे में चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। निःसंदेह प्राकृतिक सुंदरता से घिरी यह जगह आपकी शादी में चार चांद लगा देगी।

# उत्तराखंड : यहां मनमोहक वादियों के बीच बनेगा कैलाश धाम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पिथौरागढ़ 03 दिसंबर : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के बाद पिथौरागढ़ जिले को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। यहां विकास को रफ्तार मिली है। बीते दिनों पिथौरागढ़ दौरे पर आए प्रधानमंत्री ने ओम पर्वत और आदि कैलाश के दर्शन किए। जिसके बाद प्रदेश सरकार धारचूला तहसील के अंतर्गत आने वाले इस क्षेत्र को तेजी से विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है। गुंजी में शिवधाम बनाए जाने की घोषणा हुई है, हालांकि अब यहां शिवधाम की जगह कैलाश धाम बनाया जाएगा।

शिवधाम का नाम बदल दिया गया है। दरअसल देश के बनारस शहर में पहले से ही शिव धाम बना हुआ है, ऐसे में शिवधाम की जगह कैलाश धाम नाम रखने का निर्णय लिया गया है। कैलाश धाम के लिए डीपीआर बनाने का कार्य अंतिम चरण में हैं। कैलाश धाम गुंजी गांव में बनेगा, जिसे बाइब्रेंट विलेज का दर्जा दिया गया है। धाम का निर्माण 60 हेक्टेयर भूमि में होगा। भूमि चयन की कार्रवाई अंतिम चरण में हैं। यहां साल 2025 तक डबल लेन सड़क बनेगी। सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। तवाघाट से लिपुलेख तक साल 2001 में सिंगल लेन सड़क बनाई गई थी।

इससे पहले कैलाश मानसरोवर, आदि कैलाश और ओम पर्वत जाने वालों के साथ ही सेना के जवानों को पैदल ही आवागमन करना पड़ता था। अब इस सड़क को डबल लेन में तब्दील करने की तैयारी है। गुंजी में कैलाश धाम बनने के बाद क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी। यहां वेधशाला का भी निर्माण कराया जाएगा। साथ ही आवासीय सुविधाओं के विकास के साथ कैलाश मानसरोवर, आदि कैलाश और ओम पर्वत से जुड़ी आर्ट गैलरी स्थापित की जाएगी।





# भारत में महामारी की तरह फैल रहा है मोटापा



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 4 दिसंबर , भारत में मोटापे की समस्या विकराल होती जा रही है,क्षेत्र और आबादी के हिसाब से देखें तो शहरी इलाक़ो में ग्रामीण इलाक़ो की तुलना में मोटापे की समस्या 30 से 50 फीसदी तक ज्यादा है। सर्वे बताते हैं कि गांवों में पांच फीसदी और शहरों में बीस फीसदी लोग इसकी चपेट में हैं। डब्लूएचओ के मुताबिक़, 1975 के बाद से दुनिया में मोटापा तीन गुना बढ़ा है। इंडियन जनरल कम्युनिटी मेडिसन के मुताबिक, सिर्फ भारत में ही एक सौ 35 मिलियन लोग मोटापे का शिकार हैं।

भारतीय लोगों में मोटापे को लेकर जागरूकता फैलाना आसान काम नहीं है क्योंकि देश में फ़ास्ट फ़ूड को खूब पसंद किया जाता है। टीवी और अख़बारों में जंक फ़ूड के विज्ञापनों की भरमार होती है साथ ही हेल्दी डाइट के बारे में लोगों में जागरूकता की कमी है। सही खान-पान नहीं होने से भारतीयों में मोटापे की समस्या बढ़ रही है।मोटापे से डायबिटीज,हाई बीपी,कॉलेस्ट्रोल, हार्ट डिजीज और फैटी लीवर की समस्या पैदा हो जाती है। मोटापा से डायबिटीज होने का खतरा बढ़ जाता है। हमारे शरीर में जितनी ज़्यादा वसा होती है, शरीर को इन्सुलिन बनाने में उतनी ही ज़्यादा परेशानी होती है और ऐसा तब देखा जाता है, जब पेट के आस-पास लिवर और पेनक्रेअटिक मे फैट जमा हो जाता है। आसान भाषा में कहें, तो लिवर में, थोड़ी सी भी चर्बी बढ़ने से डायबिटीज की आशंका बढ़ जाती है। भारत में डायबिटीज के लेकर लैंसेट के हालिया शोध के आंकड़े डराने वाले हैं।

इस रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत की 10 करोड़ से ज्यादा आबादी डायबिटीज से ग्रसित है और 13 करोड़ 60 लाख लोग प्री-डायबिटीज हैं। प्री-डायबिटीज ऐसी स्थिति को कहते हैं जिसमें भविष्य में डायबिटीज होने की आशंका बेहद ज्यादा होती है। यह हालत किसी टाइम बम जैसी है। अगर आप प्री-डायबिटीज हैं तो आपको डायबिटीज होने की आशंका बेहद ज्यादा है। प्री-डायबिटीज वाले 60 फीसदी लोगों में अगले पांच सालों में ये बीमारी हो ही जाती है।

# प्रेशर आने पर तुरंत भागे बाथरूम, रोकना है खतरनाक



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 4 दिसंबर , नेचर कॉल एक बेहद स्वाभाविक प्रक्रिया है. ये इंसान के लिए बेहद जरुरी है. बॉडी की गंदगी के बाहर निकलने का एक तरीका है. लेकिन हम में से कई लोग इसे लेकर कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, जिसका अंजाम खतरनाक हो सकता है. कई बार ऐसी स्थिति बन जाती है कि लोगों को प्रेशर आने के बाद उसे रोकना पड़ जाता है. इसकी कई वजहें हो सकती है लेकिन आपको बता दें कि ऐसा करना आपके लिए जानलेवा तक साबित हो सकता है.एक्सपर्ट्स ने लोगों को इस बारे में वार्न किया है. उन्होंने बताया कि क्यों प्रेशर आने पर उसे रोकना खतरनाक है. ये कई समस्याओं को न्योता देने जैसा है. इनमें से कुछ समस्याएं तो ऐसी हैं जिसके बारे में हम सोच भी नहीं सकते. अगर आप भी उन लोगों में से हैं, जो प्रेशर आने पर इसे रोकते हैं तो ये खबर पढ़ने के बाद आहे से आप ऐसा करना बंद कर देंगे. इसकी वजह से ना सिर्फ आपको कॉन्स्टिपेटेड फील होता है बल्कि इसके कई लॉन्ग टर्म इफेक्ट भी होते हैं.

कैंसर की संभावना

2015 में हुए एक स्टडी के मुताबिक़, अगर पॉटी को रोका जाए, तो इसे कोलन में जलन की समस्या होने लगती है. इसके साथ ही आपको कोलन कैंसर का रिस्क भी हो सकता है. इतना ही नहीं, अगर लंबे समय तक पॉटी को रोका जाए तो ये बाहर निकलने का दूसरा तरीका अपना लेती है. इसे fecal vomiting कहते हैं. यानी जो गंदगी नीचे से निकलने वाली थी वो वहां से आपके मुंह के द्वारा निकल जाती है.

# मुख्यमंत्री ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजन स्थल का निरीक्षण किया





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 4 दिसंबर ,मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली से लौटते ही जौलीग्रांट से एफ.आर.आई सड़क निर्माण कार्यों एवं सौन्दर्यीकरण के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। 8 और 9 दिसम्बर को एफ.आर.आई, देहरादून में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ' डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड' की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री ने आयोजन स्थल का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने एफ.आर.आई. में आयोजन स्थल के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि आयोजन से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य स्तरीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के उद्घाटन के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया गया है।

उन्होंने निर्देश दिये कि इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए सभी संबधित विभाग अपने स्तर से समय पर सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समिट राज्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अभी तक आयोजित विभिन्न रोड शो में लगभग ढ़ाई लाख करोड़ के करार हो चुके हैं। करारों की ग्राउंडिंग की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन निवेश प्रस्तावों में रोजगार की संभावनाएं अधिक हैं, राज्य सरकार द्वारा ऐसे निवेश प्रस्तावों को शीर्ष प्राथमिकता दी जा रही है। राज्य के युवाओं को राज्य में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त हों, इस दिशा में राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

जौलीग्रांट से एफ.आर.आई तक सड़क एवं सौन्दर्यीकरण के कार्यों के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्थानीय लोगों और दुकानदारों से कार्यों का फीडबैक भी लिया। सड़क निर्माण कार्यों की तेज गति और बेहतर सौन्दर्यीकरण के कार्य होने पर स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सौन्दर्यीकरण के कार्यों में लगे श्रमिकों से भेंट कर उनका हौसला भी बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि अवशेष कार्य भी जल्द पूर्ण किये जाएं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ' डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड' के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पूरा मार्गदर्शन मिल रहा है। उनके वाइब्रेंट गुजरात से प्रेरणा लेकर राज्य में डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड को आगे बढ़या जा रहा है। इस इन्वेस्टर्स से राज्य में निवेश बढ़ेगा, राज्य की आर्थिकी बढ़ेगी और राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इस अवसर पर सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, सचिव एवं आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी, एस.एस.पी. देहरादून अजय सिंह, जिला प्रशासन के अधिकारी एवं सबंधित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित थे।



# अपनी कार्यशैली में सुधार लायें अधिकारी : सतपाल महाराज

## जनपद में पंचायतों कै सशक्तिकरण के लिए 44.5 करोड़ का बजट




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार , 4 ,दिसंबर जनपद के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के केबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने जिला पंचायत कार्यालय सभागार हरिद्वार में अयोजित जिला पंचायत की तैमासिक बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। बैठक में 2024-25 की जिला पंचायत विकास योजना (डीपीडीपी) तैयार करने, 44.5 करोड़ के बजट से क्षेत्र पंचायतों कै सशक्तिकरण, सदस्यों की एक्पोजर विजिट, हाट बाजारों की सफाई, जिला पंचायत की भूमिं का चिन्हिकरण कर उसके सदुपयोग की कार्ययोजना तैयार करने को लेकर चर्चा हुई। जिला पंचायत की त्रेमासिक बैठक में केबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने एएमए जिला पंचायत को निर्देश दिये कि जिला पंचायत सदस्यों को अन्य राज्यों की पंचायतों के भ्रमण (एक्पोजर विजिट) के लिए प्लान तैयार करें। उन्होने एएमए जिला पंचायत को निर्देश दिये कि जनपद क्षेत्रांतर्गत आने जिला पंचायत की भूमि को चिन्हित करते हुए उसपर पार्किंग, दुकान, बारात घर जैसी परिसम्पत्तियों के निर्माण प्रस्ताव तैयार करवाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार निरंतर पंचायतों की आय बढाने व उनके सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है।



उन्होने जनपद में परिवार रजिस्ट्री की ऑनलाईन निकासी अब तक प्रारम्भ नहीं किये जाने सम्बन्धी विधायक पिरान कलियर फुरखान अहमद की शिकायत पर आई०टी०डी०ए० को पत्र लिखे जाने की भी बात कही। बैठक में जिला पंचायत के सभी आय के श्रोतों की त्रैमासिक समीक्षा को लेकर भी सहमति बनी। सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सोलर लाईट की संख्या में ईजाफा करते हुए प्रत्येक सदस्य को कम से कम 10 सोलर लाईट उपलब्ध कराने की मांग की। जिस पर प्रभारी मंत्री ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि वे अधिक से अधिक सोलर लाईट जिला पंचायत को उपलब्ध कराए ताकि दूरस्थ क्षेत्रों के लोगो समस्याओं को कम किया जा सके।

इसके उपरान्त प्रभारी मंत्री ने जिला पंचायत कार्यालय प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में जन-प्रतिनिधियों की शिकायतों का निस्तारण सम्बंधी बैठक में प्रतिभाग किया। बैठक के शुभारम्भ से पूर्व जन-प्रतिनिधियों ने सिलक्यारा सुरंग से मजदूरों को निकालने के लिए केन्द्र सरकार के सक्रिय सहयोग हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए धन्यावाद प्रस्ताव पारित किया। बैठक में प्रभारी मंत्री ने जन-प्रतिनिधियों की शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों को अपनी कार्यशैली में सुधार लाने निर्देश दिये है। उन्होने स्पष्ट किया कि किसी भी सरकारी कार्यालय में आने वाले आमजन के साथ अच्छा बर्ताव करें। प्रभारी मंत्री ने मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन को निर्देश दिये कि जन-प्रतिनिधियों द्वारा दर्ज करायी गयी शिकायतों का प्राथमिकता के आधर पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बैठक में अधिकांश लोनिवि, सिंचाई, विद्युत व वन विभाग की शिकायतें छायी रही।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह (किरण चौधरी), विधायक रुड़की प्रदीप बत्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए केएन तिवारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ई०बी०सी० छिम्वाल, मुख्य कृषि अधिकारी विजय देवराड़ी, डीएसटीओ नलिनी ध्यानी, डीपीआरओ अतुल प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष जिला पंचायत अमित चौहान, जिलाध्यक्ष बीजेपी संदीप गोयल, आशु चौधरी, जयपाल सिंह चौहान, सुशील त्यागी, आदित्य राज त्यागी सहित जिला पंचायत के अन्य सदस्य व अधिकारीगण उपस्थित थे।

# देहरादून पुलिस का फरमान, अब खुद कीजिये सेफ्टी इंतज़ाम





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 4 दिसंबर , स्मार्ट सिटी देहरादून के लिए नासूर बन चुकी बेहिसाब , बेतरतीब और बेहद मुश्किल सफर बना रहा दून का जाम अब लोगों के लिए झाम बन चुका है लिहाज़ा सीधे सीएम धामी भी कई बार इस मुसीबत को खत्म करने की हिदायत दे चुके हैं अब इसी कड़ी में नया फरमान भी आ गया है जो एसएसपी देहरादून के दफ्तर से निकल चुका है और आपका जानना बेहद ज़रूरी है।

**एसएसपी ने थाना प्रभारियों को जारी किए निर्देश :** स्कूल/ कॉलेज/ संस्थानों को अब एनुअल डे , सांस्कृतिक आयोजन और किसी भी तरह के धार्मिक आयोजन/ शोभायात्राओ के लिए संबंधित प्रबंधक/ आयोजकों को पार्किंग की व्यवस्था तथा प्राइवेट सिक्योरिटी के इंतजाम खुद करनी होगी दरअसल कहा जा रहा है कि देहरादून राजधानी होने के साथ- साथ एक पर्यटक स्थल भी है और देहरादून होकर टूरिस्ट अन्य डेस्टिनेशन पर जाते है, और देहरादून एक एजुकेशनल हब के साथ- साथ सांस्कृतिक राजधानी भी है लिहाज़ा आए दिन देहरादून में स्कूल / कॉलेज के प्रोग्राम के साथ विभिन्न शोभा यात्राएं, कल्चरल इवेंट्स होते रहते है, जिनमें काफी संख्या में लोगो/ अभिवावकों के सम्मिलित होने तथा वाहनों के पार्किंग के समुचित व्यवस्था न होने के कारण यातायात व्यवस्था पर प्रभाव पड़ता है तथा आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।




अब इसी को रोकने और ट्रेफिक को मैनेज करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून अजय सिंह ने नया फार्मूला अपनाते हुए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि उनके थाना क्षेत्र में स्थित स्कूल/ कॉलेज/ शिक्षण संस्थानों में किसी Cultural program/ annual day function अथवा किसी धार्मिक आयोजन / शोभा यात्रा के लिए संबंधित व्यवस्थापक/ प्रबंधक से बातचीत कर इस बात को सुनिश्चित किया जाये कि कार्यक्रम के लिए संबंधित आयोजक/ प्रबंधक द्वारा पार्किंग की व्यवस्था स्वयं सुनिश्चित की जाएगी साथ ही कार्यक्रम के दौरान प्राइवेट सिक्योरिटी का भी अरेंजमेंट किया जाए, ऐसे किसी भी कार्यक्रम अथवा आयोजन में पुलिस की उपलब्धता पर संबंधित को सहयोग किया जायेगा लेकिन संबंधित आयोजक/ प्रबंधको को स्वयं भी व्यवस्था बनानी होगी, यदि किसी संस्थान अथवा प्रबंधक/आयोजकों द्वारा इसमे कोई शिथिलता बरती जाये तो उन्हें आयोजन की अनुमति न दी जाये।

# इस बार अपने देश के लिए लाऊंगा गोल्ड मेडल : शुभम कुमार





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

सहारनपुर 04 दिसंबर : जिला सहारनपुर के लाल शुभम कुमार ने अंतरराष्ट्रीय स्तरीय एथेटिक्स खेलों में दो रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। गांव मोहम्मदपुर कंधेला निवासी शुभम कुमार ने चीन में आयोजित एशियन गेम्स में देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने 100 व 200 मीटर स्पर्धा में दो रजत पदक झटक कर अपने गांव प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। सुभम कुमार के सहारनपुर पहुंचेते ही सहारनपुर एसएसपी और डीएम साहब ने जोरदार स्वागत किया और हर संभव मदद करने को कहा ।

**100 और 200 मीटर दौड़ में देश की झोली में डाले रजत पदक**

शुभम कुमार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर परिवार से हैं। शुभम चौधरी ने संघर्ष की कहानी बताते हुए कहा कि गांव में ही वो आर्मी की तैयारी करते थे। उसके बाद मुझको पता चला की जिला सहारनपुर में आर्मी की तैयारी कराई जाती है। फिर मैंने सहारनपुर में आर्मी एकेडमी में एडमिशन कराया। उसके बाद आर्मी के साथ स्पोर्ट्स की भी शुरू कर दी। मुझे लगा की में खेल में और अच्छा कर कर सकता हूं, तो दिन रात मेहनत की। उसके बाद मैं दौड़ की ट्रेनिंग के लिए पंचकूला चला गया। जहां पर तीन साल लगातार कड़ी मेहनत के साथ और काफी चुनौतियों का सामना करते हुए ट्रेनिंग पूर्ण की। जिसके बाद दिल्ली लवली यूनिवर्सिटी में एडमिशन लिया।कोच गजेंद्र सिंह ने बदली जिंदगी लवली यूनिवर्सिटी में 8 महीने पढ़ाई करने के बाद एक कोच गजेंद्र सिंह ने शुभम को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने ट्रेनिंग कराई और बहुत सपोर्ट किया। उसके बाद मेरा और मेरे साथ तैयारी कर रही सिमरन का एशियन गेम्स में सलेक्शन हुआ 16 अक्टूबर को हम इंडिया से चीन के लिए रवाना हो गए। चाइना जाने के बाद 3 दिन हमने ग्राउंड में ट्रेनिंग की फिर 24 अक्टूबर 100 मीटर की दौड़ में हमने रजत पदक जीता। 26 अक्टूबर को 200 मीटर की दौड़ में भी रजत पदक जीता। शुभम बोले मेरा यही सपना ही में अपने देश के लिए और अच्छा खेलूंगा और अगली बार गोल्ड मेडल लेकर लौटेंगा। इसके साथ साथ इंडियन आर्मी में सूबेदार की पोस्ट पर मौजूद बिपलब मुखोपाध्याय ने भी सुभम कुमार को पुल स्पॉट किया ।

**मम्मी पापा ने बढ़ाया हौसला :** शुभम कुमार ने बताया की मुझे मेरे मम्मी पापा ने बहुत सपोर्ट किया। मुझे आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किया। खुद भूखे रहे लेकिन खेलों की तैयारी में किसी चीज की कमी नहीं होने दी। मम्मी पापा के साथ साथ शुभम चौधरी ने अपने दोस्त डॉ. साकिब मलिक का जिक्र किया। जो की दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया मेरे इस सफर में मेरे दोस्त डॉ. साकिब मलिक की एक बहुत बड़ी अहम भूमिका है। इन्होने मुझे बहुत सपोर्ट किया मेरी हर चीज में मदद की और मेरी हर परेशानी में मेरे साथ खड़े रहे। आज में जिस मकाम पर खड़ा हु मेरे दोस्त का बहुत बड़ा हाथ है। उन्होंने डॉ. साकिब का धन्यवाद किया।

# वन्य जीव तस्कर, कस्तूरी मृग के कस्तूरा व दांतों के साथ गिरफ्तार



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चमोली , 4 दिसंबर पुलिस अधीक्षक चमोली रेखा यादव ( IPS ) द्वारा सभी थाना प्रभारियों एवं एसओजी प्रभारी को मादक पदार्थो के तस्करों पर नकेल कसने के अतिरिक्त वन्य जीवों के अंगों की तस्करी करने वालों पर सर्तक दृष्टि रखते हुए अपराध को अंजाम देने वालों के विरूद्व कड़ी कार्यवाही के निर्देश पर सभी प्रभारियों द्वारा लगातार चैकिंग एवं आवश्यक कार्यवाही करते हुए संदिग्धों पर सर्तक नजर रखी जा रही है।

पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग अमित सैनी के पर्यवेक्षण में वन्य जीव जन्तुओं की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये गये अभियान को सफल बनाते हुए एसओजी चमोली व वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त भरत सिंह पुत्र पदम सिंह नि0 ग्राम प्राणमती पोस्ट कनोल थाना नंदानगर घाट जिला चमोली उम्र 36 वर्ष को कस्तूरी मृग ( नर मस्क डियर ) की कस्तूरा -1,वजन कुल 39.85 ग्राम,कस्तूरा मृग ( नर मस्क डियर ) के दांत - 1,वजन कुल 4.22 ग्राम व अभियुक्त खीम सिंह पुत्र हयात सिंह दानू नि0 ग्राम प्राणमती पोस्ट कनोल थाना नंदानगर घाट जिला चमोली उम्र 36 वर्ष को कस्तूरा मृग ( नर मस्क डियर ) के कस्तूरा - 1, वजन कुल 40.27 ग्राम व कस्तूरा मृग ( नर मस्क डियर ) के दांत -1, वजन कुल 3.88 ग्राम के साथ बस स्टैण्ड कर्णप्रयाग के पास से जनपद से बाहर ऋषिकेश जाने से पहले धर दबोचा लिया। जिसकी अंतराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 05 लाख है।

**'जैसे करते हैं हम अपनी रक्षा, वैसे ही करें वन्य जीवों की रक्षा' रेखा यादव , एसपी चमोली**

वन दरोगा विजय सिंह नेगी द्वारा उक्त की जांच कर कस्तूरी मृग की कस्तूरा व दांत होना बताया।अभियुक्तों से पूछताछ पर बताया गया कि वह वाण कनोल के जंगल में फांस लगाकर नर हिरन कस्तूरी मृग का शिकार करते थे और महंगे दामों पर बेचते थे।जंगल में और कस्तूरी मृग को मार कर छिपा के रखने की जानकारी देने पर नंदप्रयाग वन रेंज के अधिकारी गणों द्वारा पूछताछ की जा रही है। उक्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के आधार पर कोतवाली कर्णप्रयाग में मु0अ0सं0-54/2023 धारा-2/9//50/51 वन्य जीव जन्तु संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।एक जिम्मेदार नागरिक बनें,वन्य जीवों की रक्षा करें व उन्हें नुकसान ना पहुचाएं ।

# एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने क्यू साधा निशाना, जानिए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





पौड़ी 04 दिसंबर : पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र करन सिंह नगन्याल व आयोजन सचिव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा टारगेट पर निशाना साधकर किया शूटिंग प्रतियोगिता-2023 का विधिवत शुभारम्भ।जनपद पौड़ी के श्रीनगर में एस. एस. बी के केदार फायरिंग रेंज में 19 वीं प्रादेशिक अंतर्जनपदीय/वाहिनी राइफल,रिवाल्वर एवं पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता-2023 का शुभारम्भ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में करण सिंह नगन्याल पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र द्वारा इन प्रतियोगिताओं के शुभारम्भ की घोषणा की गयी।

सर्वप्रथम द्वारा समस्त जनपद/वाहिनियों के टीम मैनेजरों का परिचय प्राप्त किया गया। उसके पश्चात खेल प्रतिभागियों द्वारा मंच पर पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र को सलामी दी गयी। साथ ही सभी प्रतिभागियों द्वारा खेल भावना से प्रतिभाग करने की शपथ ली गयी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल/आयोजन सचिव श्वेता चौबे द्वारा अपने स्वागत संबोधन में कहा कि पुलिस कर्मियों को शस्त्र संचालन में कुशल होना चाहिए, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत रहे, इस हेतु उत्तराखंड पुलिस स्पोर्ट्स कन्ट्रोल बोर्ड द्वारा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

उत्तराखंड पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड द्वारा जारी खेलों का वार्षिक कैलेण्डर समय सारणी के अनुसार जनपद एवं वाहिनियाँ खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करती हैं। जनपद पुलिस का सौभाग्य है कि 19 वीं अंतर्जनपदीय/वाहिनी राइफल एवं रिवाल्वर शूटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन करने की जिम्मेदारी इस जनपद को प्राप्त हुयी है। उक्त प्रतियोगिता 03 दिवस तक चलेगी। सभी प्रतिभागियों को अपनी दक्षता, निपुणता एवं खेल भावना का परिचय देते हुए खेलों के दौरान उच्च स्तर का अनुशासन बनाये रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों, पत्रकार बन्धुओं एवं सभी जनपदों, वाहिनियों से आये पुलिस बल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र का आभार प्रकट कर कहा कि व्यस्ततम कार्यक्रम होने के बावजूद भी इस कार्यक्रम में आकर प्रतियोगिता का शुभारंभ कर प्रतिभागियों की हौसला अफजाई की।प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों, टीम मैनेजरों को शुभकामनाएं देते हुए इस 3 दिवस की प्रतियोगिता में उच्च कोटि का अनुशासन के साथ सम्मिलित होने हेतु प्रेरित किया गया।

मुख्य अतिथि करन सिंह नगन्याल, पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र द्वारा अपने संबोधन में कहा कि वेपन्स पुलिस फोर्स का एक महत्वपूर्ण अंग है व शूटिंग प्रतियोगिता खेल का एक अहम हिस्सा है। शूटिंग प्रतियोगिता में सुरक्षा के साथ-साथ मजबूत पकड़ एवं एकाग्र मन होना चाहिए, तभी प्रतिभागी कुशल फायरर बन सकता है। शूटिंग प्रतियोगिता में पुलिस के अच्छे शूटर आगे आयेंगे और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कर उत्तराखंड पुलिस का नाम रोशन करेंगे। शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के लिए सुव्यवस्था व भव्य कार्यक्रम आयोजित करने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी।

तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में समस्त जनपदों एवं वाहिनियों द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए, जनपद पुलिस की 08, पीएसी वाहिनी की05, एसटीएफ की 01, जीआरपी की 01, एसडीआरएफ की 01, कुल 16 टीमों के लगभग 180 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी की, पुलिस की अपनी फायरिंग रेंज बनाए जाने हेतु किए गए प्रयासों की सराहना की गई। पौड़ी गढ़वाल पुलिस द्वारा अपनी स्वयं की फायरिंग रेंज हेतु 50 नाली भूमि ग्राम गवाणी, निकट खाण्ड्सैण में चयन की जा चुकी है जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी से पत्राचार कर शीघ्र ही फायरिंग रेंज के निर्माण सम्बन्धी कार्यवाही की जायेगी।

# स्मार्ट सिटी दून की रौनक समिट में दिखाएंगे : सोनिका, डीएम



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 04 दिसंबर : जिलाधिकारी सोनिका ने इन्वेस्टर समिट की तैयारियों के लिए एयरपोर्ट जौलीग्रांट से दिलाराम चौक तक निरीक्षण करते हुए निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एयरपोर्ट चौक, हिमालयन चौक, भानियावाला रोड, भानियावाला चौक, लच्छीवाला, मोहकमपुर, जोगीवाला, रिस्पना चौक, रिस्पना से दया प्लाजा, फव्वारा चौक, लक्ष्मी रोड चौक, आराघर, ईसी रोड, द्वारिका स्टोर चौक, सर्वे चौक, क्रास रोड मॉल चौक, दिलाराम चौक तक निरीक्षण करते हुए कार्यों को जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने जौलीग्रान्ट से लच्छीवाला तक निरीक्षण के दौरान एमडीडीए के अधिकारियों को फसाड एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों तथा उद्यानीकरण के कार्यों को श्रमिकों की संख्या बढाते हुए रातदिन कार्य कर यथाशीघ्र पूर्ण करने तथा उप जिलाधिकारी डोईवाला को शेष अन्य



कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निकाय डोईवाला को उक्त स्थलों पर सफाई कार्य प्रतिदिन सफाई कार्य करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि दुकानों का सामान सड़क पर न लगाया जाए इसके लिए व्यापारियो बात कर ली जाए। उन्होंने निर्देशित किया सड़क पर पड़ने वाले पेड़ों में सौन्दर्यीकरण कार्य कर लिया जाए।

उन्होंने एमडीडीए के अधिकारियों को निर्देशित किया कि फसाड एवं रंगरोगन कार्यों में एकरूपता रहे। विद्युत विभाग को विद्युत पोल पेन्टिंग तथा झूलते तारों को हटाने पोल शिफ्टिंग के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने हर्रावाला से दिलाराम चौक तक निरीक्षण के दौरान एमडीडीए को फसाड एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने तथा रिस्पना के समीप वर्टिकल गार्डन एवं रिस्पना पुल पर ट्यूलिप कार्यों को श्रमिकों की संख्या बढाते हुए अवशेष कार्य को दिन- रात की शिफ्ट में कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने नगर निगम को हर्रावाला से दिलाराम चौक एंव सम्पूर्ण रूटों पर सफाई व्यवस्था दुरस्थ रखने तथा पार्क की सफाई, स्ट्रीट लाईट ठीक रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को कार्यों स्थलों पर रहकर युद्धस्तर पर कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि सड़कों के किनारे एवं निर्माण साईटों से तत्काल मलबा हटा लिया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी कार्यों को समयबद्ध पूर्ण कर लिया जाए।

# देहरादून से डायरेक्ट सहारनपुर के लिए जल्द शुरू होगी ट्रेन



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 04 दिसंबर : रेलवे से उत्तराखंड को सौगात मिलने वाली है। जल्द ही सफर आसान होने वाला है। बताया जा रहा है कि देहरादून से सहारनपुर के लिए सीधी रेल लाइन बिछाई जाएगी। इसकी कवायद शुरू हो गई है। जिससे महज कुछ ही मिनटों में घंटो का सफर पूरा हो सकेगा। डीपीआर कार्य को स्वीकृति मिल गई है। फरवरी तक दून-मोहंड-सहारनपुर रेल लाइन का सर्वे कार्य पूरा हो जाएगा।मिली जानकारी के अनुसार देहरादून से सहारनपुर के लिए सीधी रेल लाइन की मांग लंबे समय से की जा रही है, ताकि कम समय में सहारनपुर पहुंचा जा सके। वहीं मां शाकुंभरी देवी के लिए सहारनपुर और देहरादून से रेल लाइन की मांग उठाई जाती रही है। इस रेल मार्ग के बनने से देहरादून के लोगों को सहारनपुर पहुंचने में बेहद आसानी होगी। अभी सहारनपुर पहुंचने में यात्रियों को 123 किलोमीटर लंबा सफर तय करना होता है। नया रेल मार्ग बनने से यह मात्र 81 किलोमीटर रह जाएगा। इससे दून वासियों को सहारनपुर पहुंचने में करीब डेढ़ घंटा ही लगेगा और उनका काफी समय बचेगा।

सहारनपुर देहरादून रेल लाइन बनाने के लिए पहाड़ों को काटकर रूट बनाया जाएगा। मां शाकुंभरी देवी के भक्तों की अगाध आस्था है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग वहां जाते हैं। इस रेल मार्ग के बनने से भक्तों को मंदिर तक पहुंचने के लिए सीधी ट्रेन मिल जाएगी। हालांकि, रेल मार्ग का निर्माण बेहद चुनौतीपूर्ण होगा। शिवालिक की पहाड़ियों वाले इस रूट पर रेल मार्ग बनाने के लिए रेलवे को लगभग 11 किलोमीटर लंबी टनल और करीब 106 छोटे बड़े पुल बनाने पड़ेंगे।वहीं बताया जा रहा है कि मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू की अध्यक्षता में रेलवे से संबंधित बैठक हुई, जिसमें डीआरएम मुरादाबाद राजकुमार सिंह भी शामिल हुए। मुख्य सचिव ने रेलवे को हर्रावाला रेलवे स्टेशन को 24 कोच टर्मिनल बनाए जाने को लेकर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने देहरादून मोहंड सहारनपुर नई रेलवे लाइन की प्रगति मांगी तो अधिकारियों ने बताया कि फरवरी तक इसका सर्वे पूरा हो जाएगा। डीपीआर कार्य को स्वीकृति मिल गई है।मुख्य सचिव ने रेलवे और वन विभाग के बीच मुद्दों को भी आपसी तालमेल के साथ निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए। भंडारी बाग आरओबी की रेलवे बोर्ड स्तर पर अटकी स्वीकृति शीघ्र करने को कहा तो डीआरएम ने एक हफ्ते में स्वीकृति का आश्वासन दिया। संबंधित विभाग 15 दिन के अंदर बैठक निस्तारण करेंगे।

# एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने आधुनिक बैरकों का उद्घाटन किया

## कोतवाली कोटद्वार की जर्जर बैरक आधुनिक सुविधाओं से हुई सुसज्जित






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 04 दिसंबर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे की पहल से थानों के बैरकों का अपग्रेडेशन का कार्य जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्मार्ट पुलिसिंग विजन के अनुरूप एमएचए से प्राप्त गाइडलाइन का पालन करते हुए थानों का जीर्णोद्धार जारी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे के निर्देशन में पुलिसकर्मियों की जीवनशैली एवं रहन सहन में गुणात्मक सुधार एवं बेहतर वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से कोतवाली कोटद्वार में वर्षों से जर्जर और पुरानी बैरकों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर स्मार्ट बैरक के रूप में अपग्रेडेशन किया गया। रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा उद्धघाटन किया गया। पुलिस एक अनुशासित बल है, जिसमें पुलिस जवान 24 घण्टे ड्यूटी रात रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं, लगातार ड्यूटी पर रहने के कारण जवानों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से थकान होनी स्वाभाविक है। पुलिस कर्मियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त आदर्श बैरक के निर्माण का मुख्य उद्देश्य बैरक में रहने वाले पुलिसकर्मियों को स्वस्थ वातावरण प्रदान करना है, जिससे पुलिसकर्मी जब दिन भर की भाग-दौड़ एवं थकान भरी ड्यूटी से बैरिक में आराम करने आये तो उन्हें घर जैसी अनुभूति एवं पूर्ण सुविधा मिल सके और वे शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रह सकें।

उक्त स्मार्ट बैरक में प्रत्येक पुलिसकर्मी के लिए स्टोरेज बेड, अलमारी, व्यक्तिगत सेल्फ की सुविधा भी उपलब्ध होगी। साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस वेलफेयर योजना के तहत जनपद के अन्य थानों में भी पुलिस बैरकों का अपग्रेडेशन कर उन्हें भी पुलिस स्मार्ट बैरक के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है। जिसमें जवानों के लिये स्टोरेज बेड, वाटर प्यूरीफायर, आलमारी, फ्लोरिंग, हाईटेक लाईट्स, आधुनिक शौचालयों आदि की व्यवस्था की जाएगी।

# एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने मायूस चेहरों पर लौटाई मुस्कान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी 04 दिसंबर : आज कल मोबाइल फोन हमारी रोजमर्रा की जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा बन चुका है जिसके अचानक खो जाने पर दैनिक दिनचर्या एकदम से प्रभावित हो जाती है और कुछ समय के लिए व्यक्ति का मन दुखी हो जाता है।

आम जनता के मोबाइल फोन खोने व मोबाइल स्वामियों के मोबाइल वापस न मिलने के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा जनपद पौड़ी के विभिन्न क्षेत्रों से खोये हुये मोबाइलों की गुमशुदगी सम्बन्धी प्रार्थना पत्रों पर गंभीरता से कार्यवाही करने हेतु साइबर सेल पौड़ी को आदेशित किया गया था।जिसके क्रम में पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन/नोडल अधिकारी साइबर सेल पौड़ी गढ़वाल विभव सैनी के कुशल नेतृत्व में साइबर सेल कोटद्वार द्वारा विगत 05 माह में जनपद पौड़ी के विभिन्न क्षेत्रों से अलग-अलग कंपनियों के खोये हुए 64 मोबाइल फोन बरामद किये गये जिनकी कीमत लगभग 14 लाख रुपये है।

**पौड़ी पुलिस ने 14 लाख के 64 मोबाइल फोनों को उनके स्वामियों को लौटाया**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा उक्त 64 बरामद किये गये मोबाइल फोनों को आज दिनांक 03.12.2023 को कोतवाली कोटद्वार परिसर में उनके स्वामियों के सुपुर्द किये गये। शिकायतकर्ताओं/मोबाइल स्वामियों को उनके कीमती मोबाइल फोन वापस मिलने पर उनके चेहरे खुशी से चमक उठे। जिस पर मोबाइल स्वामियों द्वारा पौड़ी गढ़वाल पुलिस का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जनपद पुलिस द्वारा वर्ष-2023 में अब तक कुल 42 लाख रूपये के 194 मोबाइल फोनों को सकुशल उनके स्वामियों के सुपुर्द किया गया।







# डीआईटी विश्वविद्यालय का 7वां दीक्षांत समारोह संपन्न

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**






देहरादून 04 दिसंबर : डीआईटी विश्वविद्यालय का सातवां दीक्षांत समारोह बहुत भव्य तरीके से आयोजित किया गया क्योंकि दीक्षांत समारोह शैक्षणिक संस्थान के साथ-साथ स्नातकों दोनों के लिए एक मील का पत्थर है। डीआईटी विश्वविद्यालय का 7वां दीक्षांत समारोह बहुत खास है क्योंकि यह अपनी 'रजत जयंती' मना रहा है (डीआईटी कॉलेज 1998 में शुरू हुआ और वर्ष 2013 में विश्वविद्यालय बना) और 'रजत जयंती वर्ष' के दौरान नेक (NAAC) मान्यता उनके योगदान और उपलब्धियों की मान्यता है। राष्ट्र निर्माण में विश्वविद्यालय के चांसलर प्रोफेसर एन रविशंकर, आईएएस ने दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर डीआईटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जी रघुराम ने वार्षिक रिपोर्ट के माध्यम से शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के दौरान डीआईटी विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को विस्तार से प्रस्तुत किया।

इस प्रभावशाली अवसर पर प्रमुख शिक्षाविद और पहली पीढ़ी के प्रसिद्ध उद्यमी प्रोफेसर पराग शाह मुख्य अतिथि थे। श्री पराग शाह फ्लेम (फाउंडेशन फॉर लिबरल एंड मैनेजमेंट एजुकेशन) संस्थान के पूर्व संस्थापक और अध्यक्ष है। वह MIDAS के मुख्य संरक्षक हैं - प्रबंधन, नवाचार, डिजाइन, कला और सामाजिक विज्ञान का संक्षिप्त रूप। वह ऑक्सफोर्ड गोल्फ एंड कंट्री क्लब के प्रबंध निदेशक भी हैं। पहली पीढ़ी के उद्यमी होने के नाते, अपने काम के प्रति उनका जुनून उनके द्वारा शुरू किए गए सफल उद्यमों की श्रृंखला में परिलक्षित होता है, जिसमें फोटो फिनिशिंग लैब और रियल एस्टेट परियोजनाओं की श्रृंखला शामिल है। प्रोफेसर पराग शाह ने स्नातकों को अपने दीक्षांत भाषण में 21वीं सहस्राब्दी की चुनौतियों के सभी पहलुओं और एक छात्र के रूप में प्रौद्योगिकी और कैंपस अनुभव के अनुप्रयोग को शामिल किया।

1250 से अधिक स्नातक शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए क्रेडेंशियल से सम्मानित होने के पात्र थे, जिसमें 27 पीएचडी डिग्री, 35 पदक शामिल हैं। दीक्षांत समारोह के मुख्य आकर्षण में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 1999-2003 बैच के कर्नल अंकुर गर्ग को विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार प्रदान करना शामिल है। उन्होंने अनुकरणीय तरीके से भारतीय सेना की सेवा करके अपने मातृ संस्थान को गौरवान्वित किया और कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। उन्हें 15 अगस्त को तीसरे सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, श्री कपिल वर्मा, 2013-17 मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र को उनके नेतृत्व और अभिनव विचारों के लिए ग्रेजुएट ऑफ द लास्ट डिकेड (गोल्ड) एलुमनी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। प्रो. डॉ. प्रियदर्शन पात्रा ने विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार विजेताओं को सबसे उपयुक्त उद्धरणों से परिचित कराया।

डीआईटी विश्वविद्यालय का 7वां दीक्षांत समारोह 1000 से अधिक योग्य स्नातकों की भागीदारी के साथ एक शानदार सफलता थी और अकादमिक परिषद के सदस्यों ने एक प्रभावशाली शैक्षणिक जलसे में भाग लिया, संबंधित स्कूल डीन / निदेशकों ने छात्रों को कुलपति से मिलवाया। दीक्षांत समारोह का नेतृत्व करने वाले रजिस्ट्रार प्रोफेसर डॉ. जे. अर्नेस्ट सैमुअल रतन कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। डीआईटी विश्वविद्यालय के प्रभावशाली 7 वें दीक्षांत समारोह को कुलाधिपति प्रो. एन. रविशंकर के आह्वान पर समाप्त किया गया।

## संपादकीय

# जनादेश के निहितार्थ

राज्यों के विधानसभा चुनावों के जनादेश प्रमुख तौर पर भाजपा के नाम ही रहे। पार्टी ने उत्तर भारत के दो बड़े और प्रमुख राज्यों-मध्यप्रदेश और राजस्थान-में जनादेश हासिल किया है। मप्र में तो 160 से अधिक सीट जीत कर भाजपा को 'प्रचंड बहुमत' मिला है, जबकि राजस्थान में 110 से अधिक सीटों का स्पष्ट बहुमत कमतर नहीं है। इसे भाजपा के पक्ष में सत्ता की लहर माना जा सकता है, क्योंकि ये जनादेश अनपेक्षित और अप्रत्याशित हैं। यह जनादेश प्रधानमंत्री मोदी, 'कमल' और पार्टी काडर के नाम भी रहा, क्योंकि दोनों ही राज्यों में भाजपा ने 'मुख्यमंत्री का चेहरा' पेश नहीं किया था। सामूहिक संठन ने एकजुट होकर चुनाव लड़े थे। राजस्थान में सत्ता का रिवाज नहीं बदला जा सका और कांग्रेस की 'गारंटियां' भी जनता ने खारिज कर दीं। खासकर 50 लाख रुपए की 'चिरंजीवी' स्वास्थ्य योजना पर जनता ने भरोसा नहीं किया, क्योंकि राज्य का बजट ही बेहद कम है। तो 8 करोड़ राजस्थान वासियों को मुफ्त इलाज की गारंटी कैसे संभव थी? इसकी तुलना में 'प्रधानमंत्री की गारंटी' पर सभी राज्यों की जनता ने भरोसा किया। हालांकि ये तमाम गारंटियां 'मुफ्तखोरी' की श्रेणी में ही आती हैं। बौद्धिक विशेषज्ञों की एक जमात 'मुफ्त की रेवडियों' को भी उचित मानती है। उसकी दलील है कि सरकार का बुनियादी दायित्व 'कल्याणकारी योजना' का है और गरीब आदमी की पहली अपेक्षा सरकार से ही होती है। राजस्थान में 'सांप्रदायिक रक्तपात' और 'सर तन से जुदा..' सरीखे मुद्दों ने भाजपा के पक्ष में धुरवीकरण को गति दी और तुष्टिकरण के खिलाफ वोट पड़े। नतीजतन मेवाड़, मारवाड़, जयपुर आदि क्षेत्रों में भाजपा ने शानदार जीत हासिल की। छत्तीसगढ़ का जनादेश सबसे ज्यादा चौंकाने वाला रहा। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने माना है कि इतने व्यापक 'अंडर करंट' का एहसास भाजपा को भी नहीं था। बहरहाल छत्तीसगढ़ में सत्ता-परिवर्तन हो रहा है और भाजपा की सरकार बनना लगभग तय है। यह लिखने तक मुख्यमंत्री बघेल और उनके अधिकतर मंत्री चुनाव हार रहे थे। भाजपा को 50 से अधिक सीटें मिल रही हैं, जबकि बहुमत का आंकड़ा 46 है। 2018 के जनादेश की तुलना में कांग्रेस 'आधी' से भी कम हो गई है। यह बेहद गंभीर पराजय है। जनता के इस मूड को कोई भी 'एग्जिट पोल' और विश्लेषण भांप नहीं पाया। देश में सबसे ज्यादा आदिवासी छत्तीसगढ़ में रहते हैं और मप्र में इनकी 21 फीसदी आबादी है। दोनों ही राज्यों में भाजपा ने एकतरफा जीत हासिल की है। मप्र और राजस्थान के जनादेश इसलिए भी महत्त्वपूर्ण हैं, क्योंकि वहां लोकसभा की क्रमशः 29 और 25 सीटें हैं। जनादेश से स्पष्ट है कि 2024 के आम चुनाव की लहर भाजपा के पक्ष में बह रही है। मप्र में बीते 18 साल से भाजपा सत्तारूढ़ है। उसके बावजूद दो-तिहाई बहुमत हासिल हुआ है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 60,000 से अधिक वोट से आगे थे। जनादेश से दो निष्कर्ष बिल्कुल स्पष्ट हैं। एक तो सत्ता-विरोधी लहर नहीं थी। दूसरे, जनता भाजपा सरकार की योजनाओं और उनके क्रियान्वयन को लेकर आश्वस्त है। राजस्थान, मप्र और छत्तीसगढ़ में करीब 50 फीसदी महिलाओं ने भाजपा को वोट दिया। कमोबेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की 1.31 करोड़ 'लाडली बहनों' ने ऐसा जनादेश देकर स्पष्ट कर दिया है कि अब जनाधार किस दिशा में काम कर रहा है। प्रधानमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के जरिए जो 'लाभार्थी समूह' तैयार किया है, वह भी पूरी तरह भाजपा के पक्ष में वोट कर रहा है। बहरहाल कांग्रेस के लिए एकमात्र राजनीतिक हासिल यह रहा है कि तेलंगाना में उसकी सरकार बन रही है। वहां चंद्रशेखर राव और उनकी पार्टी 'बीआरएस' 10 साल की सत्ता के बाद विदाई लेंगे। जनादेश वहां के मुसलमानों के नाम भी रहा, जिनके करीब 83 फीसदी मतदाताओं ने कांग्रेस को ही वोट दिए।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094

**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com

**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# देहरादून : विकसित भारत संकल्प यात्रा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




देहरादून 04 दिसंबर : भारतीय जनता पार्टी महानगर के राजपुर विधानसभा करणपुर मंडल एवं अंबेडकर मंडल में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से जो कि यह यात्रा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर झारखंड के उलिहातू गांव से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की गई यह यात्रा 25 जनवरी तक देश भर के सभी जिलों से गुजरेगी इस उपलक्ष में आज राजपुर विधानसभा में यह यात्रा पहुंची है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ को आम जनमानस को अवगत कराया गया एवं जनता ने इस कार्यक्रम का लाभ भी उठाया , जैसे उज्जवला गैस कनेक्शन आधार कार्ड आयुष्मान कार्ड और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी व आंगनबाड़ी द्वारा पहाड़ी व्यंजनों का भी कैंप लगाया गया इस मौके पर माननीय सांसद राज्यसभा नरेश बंसल स्थानीय विधायक खजानदास 20 सूत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष ज्योति प्रसाद गैरोला निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल मधु भट्ट रतन सिंह चौहान सुनील शर्मा उमा नरेश तिवारी संकेत नौटियाल प्रदीप कुमार एवं मंडल अध्यक्ष राहुल लारा पंकज शर्मा आदि कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया ।

# बेहद महंगी भी है माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई, खर्च करने पड़ते हैं इतने रुपए

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



ब्यूरो रिपोर्ट , 4 दिसंबर , दुनिया की सबसे ऊंची चोटी है माउंट एवरेस्ट. हर साल कई लोग दुनिया के कोने-कोने से इस चोटी को फतह करने आते हैं. ये काफी खतरनाक चढ़ाई है. जानकारी के मुताबिक़, कई पर्वतारोहियों की जान इस चढ़ाई में चली भी जाती है. इतनी ऊंचाई से लाशों को वापस लाना कई बार मुमकिन नहीं हो पाता. ऐसे में कई बार लाशों को बर्फ में ही छोड़ दिया जाता है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये चढ़ाई खतरनाक होने के साथ काफी महंगी भी होती है?

जी हां, एवरेस्ट की चढ़ाई करने के लिए लोगों को अच्छे खासे पैसे खर्च करने पड़ते हैं. सोशल मीडिया पर एक शख्स ने लोगों तक पहुंचाई. इसमें शख्स ने बताया कि कैसे एक इंसान को माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई करने के लिए लगभग चालीस लाख रुपए खर्च करने पड़ते हैं. जी हां, सही पढ़ा आपने. एक शख्स से इसके लिए करीब चालीस लाख वसूले जाते हैं. इस तरह से माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई एक तरह से कई लोगों के लिए बिजनेस ही बन गया है.

**शामिल है अन्य फीस :** नेपाल सरकार से परमिट लेने के अलावा शेरपा की फीस करीब छह से नौ लाख रुपए तक होती है. इसके अलावा आपके वेस्ट को मैनेज करने के लिए चार लाख तक की फीस वसूली जाती है. हर साल एवरेस्ट की चढ़ाई करीब तीन सौ अस्सी करोड़ का बिजनेस करवाती है. ना सिर्फ हिमालय की चढ़ाई बल्कि कई अन्य चोटियों पर चढ़ाई भी इन दिनों काफी प्रॉफिट का बिजनेस बन गया है. लोग पैसे खर्च कर इस एडवेंचर का मजा लेते हैं.

# उत्तराखंड की लोक संस्कृति की झलक है उत्तराखण्ड लोक विरासत : धामी





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 4 दिसंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखण्ड लोक विरासत के समापन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की लोक संस्कृति की झलक को प्रदर्शित करने वाला यह महोत्सव प्रेरणादायी है। प्रदेश की विभिन्न संस्कृतियों के एकीकरण वाला यह महोत्सव एक स्थान पर लघु उत्तराखंड की उपस्थिति का एहसास कराने वाला है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की विभिन्न प्रकार की गायन शैली, नृत्य शैली, भाषा शैली का यह अद्भुत संगम हमें हमारी गौरवशाली संस्कृति का परिचय देकर गौरवान्वित कर रहा है। उन्होंने ऐसे आयोजनों के लिये राज्य सरकार के स्तर पर यथा संभव सहयोग का भी आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पारंपरिक उत्पादों, खान पान, आदि के स्टालों का भ्रमण कर स्टाल स्वामियों का उत्साहवर्धन भी किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आज केवल भारत के ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व के लोग उत्तराखंड की संस्कृति और सभ्यता से परिचित हो रहे हैं। हमारा प्रदेश अपनी आभा से संपूर्ण विश्व को आलोकित कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रदेश के धार्मिक स्थलों का पुनरुद्धार और यहां की सांस्कृतिक विशेषता का दुनिया भर में प्रचार-प्रसार हो रहा है, उत्तराखंड दुनिया के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार निरंतर प्रदेश के चहुंमुखी विकास और सांस्कृतिक विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने 21 वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक बताया है। हम इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहते हुए उत्तराखण्ड को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के लिये प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष चार धाम यात्रा में 56 लाख लोग आये जबकि कावड़ यात्रा में 4.15 करोड़ श्रद्धालु शामिल रहे। यही नहीं वर्ष भर आने वाले पर्यटकों की संख्या में भी निरंतर वृद्धि हो रही है, इससे हमारी लोक संस्कृति से भी देश व दुनिया में लोग परिचित हो रहे हैं। जी 20 की तीन बैठकों का उत्तराखण्ड में आयोजित होना भी प्रदेश के व्यापक हित में रहा। आगामी 8 व 9 दिसम्बर को देहरादून में वैश्विक निवेशक सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल होंगे, इसके लिये अब तक 2 लाख करोड़ से अधिक के करार हो चुके हैं। इसके लिये व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। जौलीग्रांट से लेकर एफआरआई तक सड़कों के सुधारीकरण एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। देश विदेश से आने वाले निवेशकों की उपस्थिति निश्चित रूप से राज्य की आर्थिक समृद्धि तथा रोजगार के अवसर प्रदान करने वाला सिद्ध होगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की हमारी सरकार ने प्रदेश में अनेकों नई-नई विकास परियोजनाओं को लागू करने का कार्य किया है और उत्तराखंड की भू-सांस्कृतिक विविधताओं के संरक्षण का कार्य भी किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिलक्यारा सुरंग से अपने श्रमिक भाइयों को सकुशल बाहर निकालने में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन, तकनीकि एवं विशेषज्ञों की उपलब्धता तथा हमारे इष्ट देवों का आशीर्वाद इसमें सहयोगी बना। उन्होंने कहा कि प्रदेश में समान नागरिक आचार संहिता के ड्राफ्ट को तैयार करने के लिए कमेटी का गठन किया है, समान नागरिक संहिता कानून लागू करने के लिए गठित कमेटी द्वारा ड्राफ्ट पर तेजी से कार्य किए जा रहे हैं, लैंड जिहाद के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करते हुए करीब 33 सौ एकड़ सरकारी जमीन मुक्त करवाई गई है। देवभूमि में धर्मांतरण रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है, परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए भी भारत का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून प्रदेश में बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि आज उत्तराखंड द्वारा लिए गए कई निर्णयों को अन्य प्रदेश भी अपना रहे हैं। इस अवसर पर लोक विरासत के आयोजन डॉ. के.पी. जोशी ने इस आयोजन के उद्देश्यों की जानकारी दी। लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी एवं अन्य कलाकारों द्वारा लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में डॉ. नंद किशोर हटवाल, सुधीर नौटियाल, मोहन खत्री, के साथ प्रदेश भर के लोक संस्कृति से जुड़े कलाकार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# पूर्व सीएम विजय बहुगुणा ने किया मंत्री सौरभ की विधान सभा में अस्पताल का उद्घाटन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

सितारगंज , 4 दिसंबर , उत्तराखंड के युवा कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सितारगंज में लोगों को बड़ी राहत देते हुए मोर्डर्न मेडिकल फैसेलिटीज वाले 60 बेड के आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित नए अस्पताल भवन का लोकार्पण किया है। खास बात यह है कि इस लोकार्पण समारोह में लोगों को एक अद्भुत नजारा देखने को मिला जब प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा और मौजूदा धामी सरकार के युवा कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा एक साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए। दिग्गज सीनियर बहुगुणा और लोकप्रिय मंत्री के रूप में मौजूद पुत्र सौरभ की विकास के प्रति सोच से लोगों के लिए यह दिन बेहद खास बन गया।



आपको बता दें कि सितारगंज और आसपास के इलाकों के लिए यह अस्पताल एक संजीवनी बन गया है। क्योंकि सितारगंज को लंबे समय से एक अत्याधुनिक हाईटेक और सभी इक्विपमेंट से सुसज्जित मॉडर्न हॉस्पिटल की लंबे समय से जरूरत महसूस की जा रही थी। हालांकि इसके पहले 30 बेड का अस्पताल था ऐसे में 60 बेड के इस मॉडर्न हॉस्पिटल की बन जाने से अब लोगों को एक बड़ी राहत मिली है। आपको बता दें कि बालाजी कंपनी ने अस्पताल को गोद लेकर करीब 7 करोड रुपए में इस अस्पताल की कायाकल्प की है।

इस मौके पर पूर्व सीएम विजय बहुगुणा ने कहा कि आज का दिन सितारगंज वासियों के लिए एक बड़ी सौगात का दिन है। अब मरीजों का इलाज यही पर बेहद कम समय और कम पैसे में संभव हो सकेगा और इसके लिए उन्होंने अपने पुत्र और मौजूदा कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा की पीठ थपथपाते हुए कहा कि विकास की सोच ही आज जन प्रतिनिधि को जनता से जोड़ती है और इस काम में मंत्री के रूप में सौरभ बहुगुणा बेहद शानदार काम कर रहे हैं। वहीं मंत्री सौरभ ने कहा कि अब अस्पताल में चिकित्सा उपकरण , स्पेशलिस्ट डॉक्टर भी मिलेंगे , ऑपरेशन और अल्ट्रासाउंड एक्स-रे आईसीयू वार्ड की सुविधा भी लोगों को आसानी से मिल सकेगी। आपको बता दे की सितारगंज में योजनाओं , जन सुविधाओं और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और मजबूत बनाने में मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कम समय में बड़ी कामयाबी हासिल की है जिसमे अब ये मोर्डर्न हॉस्पिटल भी जुड़ गया है

